कक्षा परीक्षा

हिंदी कोर्स ए

कक्षा ।

पाठ 4 साँवले सपनों की याद, 5 नाना साहब की बेटी मैना देवी को भस्म कर दिया गया, 6 प्रेमचंद के फटे जूते

सेट 1

प्रश्न-1निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

यह सुनकर सेनापति के होश उड़ गए। उसे बड़ा आश्चर्य हुआ, और फिर उसने उस बालिका को भी पहिचाना और कहा "अरे, यह तो नाना साहब की कन्या मैना है!" सेनापति 'हे' कुछ क्षण ठहर कर बोले- "हाँ! मैंने तुम्हें पहिचाना, कि तुम मेरी पुत्री मेरी की सहचरी हो! किंतु मैं जिस सरकार का नौकर हूँ, उसकी आज्ञा नहीं टाल सकता। तो भी मैं तुम्हारी रक्षा का प्रयत्न करूँगा"।

उसी दिन संध्या समय लॉर्ड कैनिंग का एक तार आया जिसका आशय इस प्रकार था-

"लंदन के मंत्रिमंडल का यह मत है कि नाना का स्मृति चिहन तक मिटा दिया जाए इसलिए वहाँ की आज्ञा के विरुद्ध कुछ नहीं हो सकता।" उसी क्षण क्रूर जनरल आउट्रम की आज्ञा से नाना साहब के सुविशाल राज मंदिर पर तोप के गोले बरसने लगे। घंटे भर में वह महल मिट्टी में मिला दिया गया।

क) प्रस्तुत गद्य में किस बालिका का उल्लेख किया गया है?

ख) सेनापति की क्या विवशता थी तथा उन्होंने बालिका को क्या आश्वासन दिया?

ग) लंदन के मंत्रिमंडल का क्या आदेश था?

घ) अरे,यह तो नाना साहब की कन्या मैना है! अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद बताइए।

ङ) 'सुविशाल' शब्द में निहित उपसर्ग की पहचान कीजिए तथा उसका प्रयोग कर एक नया शब्द बनाइए।

च) 'सहचरी' शब्द का समानार्थी शब्द लिखिए।

छ) जनरल आउटरम की आज्ञा का नाना साहब के महल पर क्या प्रभाव पड़ा?

2 निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

मिथक की दुनिया में सवाल का जवाब तलाश करने से पहले एक नजर कमजोर काया वाले उस व्यक्ति पर डाली जाए, जिसे हम सालिम अली के नाम से जानते हैं। उम्र को शती तक पहुंचने में थोड़े ही दिन तो बच रहे थे। संभव है, लंबी यात्राओं की थकान ने उनके शरीर को कमजोर कर दिया हो, और कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी उनकी मौत का कारण बनी हो। लेकिन अंतिम समय तक बहुत उनकी आंखों से वह रोशनी छीनने में सफल नहीं हुई जो पक्षियों की तलाश और उनकी हिफाजत के प्रति समर्पित थी।

क) सालिम अली का शरीर क्यों कमजोर हो गया था?

ख) शती शब्द का क्या अर्थ है?

ग) मौत सालिम अली से क्या नहीं छीन सकी थी?

घ) प्रस्तुत पद में किस बीमारी का जिक्र किया गया है?

ङ) प्रस्तुत गद्यमें सालिम अली के किस कर्म का जिक्र है तथा इससे उनके किस स्वभाव का पता चलता है?

च) 'समर्पित' शब्द में मूल शब्द की पहचान कीजिए।

छ) 'कमजोर काया' शब्द युग्म में विशेषण शब्द की पहचान कीजिए।

कक्षा परीक्षा

हिंदी कोर्स ए

कक्षा IX

पाठ 4 साँवले सपनों की याद, 5 नाना साहब की बेटी मैना देवी को भस्म कर दिया गया, 6 प्रेमचंद के फटे जूते

उत्तर संकेत सेट 1

1

क) नाना साहब की पुत्री मैना का।

ख) वह मैना के अनुरोध है पर महल नहीं गिराना चाहता थाकिंतु अंग्रेजी सेना का सेनापति होने के कारण वह कर्तव्य से बंधा था।उसने मैना को यह आश्वासन दिया कि वह मकान बचाने का पूरा प्रयास करेगा।

ग) नाना साहब से जुड़ी हर चीज को मिटा दिया जाए।

घ) विस्मयबोधक वाक्य।

ङ) उपसर्ग सु तथा कोई भी उचित शब्द।

च) मित्र,दोस्त, सहेली।

छ) तोपके गोले बरसाकर महल को मिट्टी में मिला दिया गया।

2

क) सालिम अली लगभग सौ साल के हो गए थे उनको कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी हो गई थी जिस कारण उनका शरीर कमजोर हो गया था।

ख) शती शब्द का अर्थ सौ होता है।

ग) मौत सलीम अली से उनकी आंखों से वह रोशनी नहीं छीन सकी थी,जो पक्षियों की खोज और उनकी सुरक्षा के प्रति समर्पित थी।

घ) कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी।

ड़) प्रस्तुत गद्य में सालिम अली के द्वारा पक्षियों की खोज तथा उनके बारे में जानकारी एकत्र करने के कर्म का उल्लेख है। इससे उनके पक्षी प्रेमी होने का पता चलता है।

च) मूल शब्द- समर्पण

च) विशेषण- कमज़ोर

कक्षा परीक्षा

हिंदी कोर्स ए

कक्षा IX

पाठ 4 साँवले सपनों की याद , 5 नाना साहब की बेटी मैना देवी को भस्म कर दिया गया, 6 प्रेमचंद के फटे जूते

सेट 2

मेरा जूता भी कोई अच्छा नहीं है | यों ऊपर से अच्छा दिखता है| अंगुली बाहर नहीं निकलती |
पर अंगूठे के नीचे तला फट गया है | अंगूठा जमीन से घिसता है और पैनी मिट्टी पर कभी रगड़ खाकर लहूलुहान हो जाता है| पूरा तला गिर जायेगा, पूरा पंजा छिल जायेगा मगर अंगुली बाहर नहीं दिखेगी | तुम्हारी अंगुली दिखती है, पर पाँव सुरक्षित है | मेरी अंगुली ढँकी है,पर पंजा नीचे घिस रहा है| तुम परदे का महत्त्व ही नहीं जानते हम परदे पर कुर्बान हो रहे हैं !

क. प्रेमचंद का जूता कैसा है ?
ख. लेखक और प्रेमचंद में किसका पाँव सुरक्षित है?
ग. पर्दे पर कुर्बान होने का क्या अर्थ है ?

2 पढ़े गए पाठों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

1 'साँवले सपनों की याद' शीर्षक की सार्थकता पर टिप्पणी कीजिए।

2 मैना जड़ पदार्थ मकान को बचाना चाहती थी पर अंग्रेज उसे नष्ट करना चाहते थे। क्यों?

3 हरिशंकर परसाई ने प्रेमचंद का जो शब्दचित्र हमारे सामने प्रस्तुत किया है उससे प्रेमचंद के व्यकतित्व की कौन-कौन सी विशेषताएँ उभरकर आती हैं?

4 बालिका मैना के चरित्र की कौन-कौन सी विशेषताएँ आप अपनाना चाहेंगे और क्यों?

कक्षा परीक्षा

हिंदी कोर्स ए

कक्षा IX

पाठ 4 साँवले सपनों की याद , 5 नाना साहब की बेटी मैना देवी को भस्म कर दिया गया, 6 प्रेमचंद के फटे जूते

उत्तर संकेत सेट 2

1

क - प्रेमचंद का जूता कैसा है ?

उत्तर - प्रेमचंद का जूता फटा हुआ है |

ख - लेखक और प्रेमचंद में किसका पाँव सुरक्षित है?

उत्तर - प्रेमचंद

ग - पर्दे पर कुर्बान होने का क्या अर्थ है ?

उत्तर- पर्दे पर कुर्बान होने का अर्थ 1-दिखावा करना है , 2 अपनी कमियों को छुपाना है |

2

1 'साँवले सपनों की याद' शीर्षक की सार्थकता पर टिप्पणी कीजिए।

उत्तर: विद्यार्थी की मौलिक अभिव्यक्ति

2 मैना जड़ पदार्थ मकान को बचाना चाहती थी पर अंग्रेज उसे नष्ट करना चाहते थे। क्यों?

उत्तर: मैना का सारा जीवन उसी मकान में बीता था। वहीं पर वह बचपन से खेली कूदी थी और किशोरवय में प्रवेश किया था। इसलिए उसे उस मकान से लगाव हो गया था। लेकिन अंग्रेज उस मकान को अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध के प्रतीक के रूप में देखते थे। इसलिए मैना उस मकान को बचाना चाहती थी जबकि अंग्रेज उसे नष्ट करना चाहते थे।

3 हरिशंकर परसाई ने प्रेमचंद का जो शब्दचित्र हमारे सामने प्रस्तुत किया है उससे प्रेमचंद के व्यकतित्व की कौन-कौन सी विशेषताएँ उभरकर आती हैं?

उत्तर: प्रेमचंद एक सरल व्यक्ति थे जिनका बाहरी आडंबर से दूर दूर तक का रिश्ता नहीं था। प्रेमचंद के लिए पोशाक का मतलब महज तन ढ़कने का साधन था। उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण था उनकी साहित्य की साधना।

4 बालिका मैना के चरित्र की कौन-कौन सी विशेषताएँ आप अपनाना चाहेंगे और क्यों?

उत्तर: विद्यार्थी की मौलिक अभिव्यक्ति